फास्फेट खनिज निक्षेपों का पता लगाने के लिए इस बीच पूरा सर्वेक्षण किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो यह सर्वेक्षण किस एजेंसी ने किया है और उसके निक्षेप किन क्षेत्रों में पाए गए है ;

(ग) क्या झाबुआ जिले में भी सर्वेक्षण किया गया है और यदि हां, तो वहां पाए गए खनिजों के नाम क्या है; और

(घ) उनका तत्काल दोहन करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कड़िया मुण्डा)** : (क) और (ख) जी हां । भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा मध्य प्रदेश मे सर्वेक्षण किया गया है तथा झाबुआ, सागर और छतरपुर जिलों में रॉक-फास्फेट के भंडार पाए गए हैं ।

(ग) जी हां । रॉक-फास्फेट के अलावा, चूना पत्थर/डोलोमाइट, कैल्साइट, मैंगनीज अयस्क, वर्गामयूलाइट, एस्वेस्टस के भंडारों का भी पता चला है । केवल रॉक-फास्फेट, कैल्साइट, चूना पत्थर और डोलोमाइट के भंडार ही आर्थिक महत्व के हैं ।

(घ) रॉक-फास्फेट के भंडारों का मध्य प्रदेश राज्य खनन निगम द्वारा पहले से ही दोहन किया जा रहा है । कैल्साइट और डोलोमाइट के भंडारों का भी छोटे पैमाने पर दोहन किया जा रहा है ।

**चुनाव प्रक्रिया में सुधार**

**10195. श्री एस० एस० सोमानी :**
**श्री हरि विष्णु कामत :**

क्या विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चुनाव प्रक्रिया में सुधार के बारे में अब तक क्या प्रगति हुई है;

(ख) क्या सरकार का विचार इस मामले में विभिन्न राजनीतिक दलों की यूनिटों से परामर्श करने का है ; और

(ग) इस सम्बन्ध में कब तक अंतिम निर्णय लिये जाने की सम्भावना है ?

**गृह मंत्रालय तथा विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० डी० पाटिल)** : (क) निर्वाचन सुधार सम्बन्धी विभिन्न प्रस्तावों जैसे कि निर्वाचक नामावलियों को अद्यतन बनाए रखने के लिए उपाय करना, निर्वाचनों में शासकीय प्राधिकार और तंत्र का दुरुपयोग न होने देना, निर्वाचनों मे भ्रष्ट आचरण और धन की शक्ति को समाप्त करना, निर्वाचन व्यय में कमी करना, निर्वाचन अर्जियों को शीघ्र निपटाना, मतदान की आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करना, उम्मीदवारों के निर्वाचन व्ययों का सरकार द्वारा वित्त पोषण आदि पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है ।

(ख) सरकार निर्वाचन संबंधी अपने प्रस्तावों को अन्तिम रूप देने से पहले मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों से परामर्श करने का विचार रखती है ।

(ग) इन प्रस्तावों का दूरगामी प्रभाव होगा और इनका गहन और सावधानीपूर्वक अध्ययन करना होगा, अतः उनके विषय में विनिश्चय करने में कुछ और समय लगेगा ।

**आकाशवाणी तथा दूरदर्शन पर समाचारपत्रों के संवाददाताओं द्वारा प्रसारित वार्ताएं तथा टिप्पणियां**

**10196. श्री एस० एस० सोमानी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अब अंग्रेजी प्रकाशनों से

सम्बन्धित व्यक्तियों को हिन्दी में कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया जाता है तो क्या आकाशवाणी और दूरदर्शन पर अंग्रेजी में वार्ता और टिप्पणियां प्रसारित करने के लिए हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के समाचार-पत्रों के संवाददाताओं को आमंत्रित करने के लिए कोई नीति बनाई गई है ; और

(ख) क्या वर्ष 1978 में ऐसे सभी कार्यक्रमों के लिए विभिन्न मान्यता प्राप्त संवाददाताओं को आमंत्रित किया गया था और क्या प्रैस सूचना ब्यूरो द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार-पत्रों के ऐसे सभी संवाददाताओं का ब्यौरा जिनको वर्ष 1978 में एक बार भी आमंत्रित नहीं किया गया था, सभा पटल पर रखा जायेगा ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) आकाशवाणी और दूरदर्शन द्वारा वार्ताकारों और टीकाकारों का चयन एक मात्र विषय की उनकी विशेषज्ञ जानकारी और अपेक्षित भाषा में वार्ता/टीका देने में उनकी योग्यता के आधार पर ही किया जाता है, इस बारे में अंग्रेजी, हिन्दी या किसी अन्य भारतीय भाषा के समाचार-पत्रों के संवाददाताओं/टीकाकारों के बीच कोई भेदभाव नहीं किया जाता ।

(ख) सूचना एकत्रित की जा रही है और उसको सदन की मेज पर रख दिया जाएगा ।

### Applications for Three-Phase power Connection during 1975

10197. SHRI G. M. BANATWALLA:
SHRI SHANKERSINHJI VAGHELA:

Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether a number of persons applied for three-phase power connection during 1975;

(b) whether it is a fact that a number of persons deposited earnest money and estimates money with the D.E.S.U. but they have not been issued electric meters in spite of the fact that their service lines have been installed;

(c) if so, the reasons thereof;

(d) whether Government propose to issue meters to those persons who deposited estimates money; and

(e) if not, the reasons thereof?

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI P. RAMACHANDRAN): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Yes Sir. D.E.S.U. have reported that in June, 1975, on account of mis-use of the domestic power connections for industrial purposes, the release of three-phase domestic power connections were restrictd in crttain areas of Delhi. At present no three-phase connection is allowed in unapproved areas except in cases where prospective consumers are having valid licences for load above 1 KW.

(d) and (e) D.E.S.U. has reported that meters can be issued to the consumers covered under (b) above and who fulfil the commercial requirements.

### Songs of Dhadi Jatha over A.I.R. Jullunder Station

10198. SHRI BALWANT SINGH RAMOOWALIA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) is it correct that one Dhadi Jatha was stopped to sing Sikh hero's songs by the authorities of AIR Jullundur on 15th January, 1979 in the programme which starts daily at 18.30 hrs.

(b) is it also correct that this Dhadi Jatha was compelled to sing third rate songs;

(c) whether the acts mentioned at (a) and (b) above were done knowingly; and